Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding stoppage of trains on Multai, Barbatkur, Ghoradogri and Betul railway stations in Madhya Pradesh.

श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल) : माननीय सभापति जी, मुझे आपने लोक हित के मुद्दे पर अपने विषय की प्रस्तुति करने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं। महोदय, मेरे बैतूल-हरदा-हरसूद लोक सभा क्षेत्र में रेल स्टॉपेज़ हेतु अनेक जन आंदोलन हुए हैं। मुलताई सूर्यपुत्री ताप्ती नदी की उद्गम स्थली है। वहां देश भर के श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ गया है। ट्रेन स्टॉपेज़ पर्याप्त मात्रा में न होने से यात्रियों को विविध प्रकार की तकलीफों का सामना करना पड़ता है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र अनुरोध करता हूँ कि मुलताई रेलवे स्टेशन पर स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 12803-12804, जबलपुर-नागपुर अमरावती एक्सप्रेस 12159-12160, जी.टी. एक्सप्रेस 12615-12616, जयपुर-चैन्नई एक्सप्रेस 12968-12969, रेलवे स्टेशन बरबटपुर अण्डमान एक्सप्रेस 16031-16032, आमला रेलवे स्टेशन निजामुद्दीन-विशाखापत्तनम स्वर्ण जयंती 12803-12804, निजामुद्दीन-त्रिवेन्द्रम स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 12643-12684, इसी तरीक से रेलवे स्टेशन घोड़ाडोंगरी अमरावती-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12159-12160, इसी तरीके से रेलवे स्टेशन अमला के लिए निजामुद्दीन-विशाखापत्तनम स्वर्ण जयंती 12803-12804, बैतूल रेलवे स्टेशन के लिए यशवतंपुर-लखनऊ एक्सप्रेस, चैन्नई-देहरादून एक्सप्रेस, इसी तरह से बिलासपुर-बिकानेर एक्सप्रेस को आप हमें अनुग्रहित करने की कृपा करें।